जन सम्पर्क कार्यालय,
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।
दिनांक : 17.12.2013

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
**(सं. 2013/464)**

## अजमेर–निजामुद्दीन–अजमेर नॉन एसी दुरन्तो की श्रेणी में परिवर्तन
## जन शताब्दी सुपरफास्ट के रूप में संचालित
### रास्ते के स्टेशनों पर ठहराव होने से यात्रियों को मिला लाभ

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की कमी एवं मांग को देखते हुये अजमेर–हजरत निजामुद्दीन–अजमेर नॉन एसी दुरन्तो द्वि–साप्ताहिक रेल सेवा की श्रेणी में परिवर्तन किया गया है। यह रेल सेवा दुरन्तो के स्थान पर नई गाडी संख्या के साथ जन शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की गई है। श्रेणी परिवर्तन से अजमेर–निजामुददीन के मध्य के स्टेशनों पर ठहराव के कारण यात्रियों को एक अतिरिक्त रेल सेवा प्राप्त हो गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार श्रेणी परिवर्तित गाडी संख्या 12065, अजमेर–हजरत निजामुद्दीन द्वि–साप्ताहिक जन शताब्दी सुपरफास्ट रेल सेवा **<u>अजमेर से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को</u>** 05.45 बजे रवाना होकर 12.45 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुँचती है। इसी प्रकार श्रेणी परिवर्तित गाडी संख्या 12066, हजरत निजामुद्दीन–अजमेर द्वि–साप्ताहिक जन शताब्दी सुपरफास्ट रेल सेवा **<u>निजामुद्दीन से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को</u>** 15.05 बजे रवाना होकर 21.55 बजे अजमेर पहुँचती है।

श्रेणी परिवर्तन के पश्चात् जन शताब्दी सुपरफास्ट होने के कारण यह गाडी दोनों दिशाओं में किशनगढ, फुलेरा, रींगस, नीम का थाना, नारनौल, रेवाडी एवं गुडगांव स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस गाडी में 10 द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान, 01 वातानुकूलित कुर्सीयान एवं 02 पॉवर डिब्बे सहित कुल 13 डिब्बे उपलब्ध है।

**जन सम्पर्क अधिकरी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**